भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

राष्ट्रीय मुख्यालय

पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16. महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली – 110002

वेबसाइट :www.bsgindia.org ईमेल आईडी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724 . 23378667

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

परिपत्र संख्या : 41/2020

दिनांक : 03 अप्रैल, 2020

विषय :- परियोजना ''संकल्प'' में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये पुरस्कार की घोषणा।

संदर्भ :- राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या 37/2020 दिनांक 27/03/2020.

महोदय/महोदया,

हमें आपको यह सूचित करते हुए प्रसन्नता हो रही है, कि परियोजना ''संकल्प - एक बेहतर कल बनाएँ''का हमारे देश के युवाओं द्वारा स्वागत किया जा रहा है और यह केवल हमारे देश में ही नहीं अपितु अन्य राष्ट्रीय स्काउट संगठनों / सदस्य संगठनों में भी प्रसिद्ध हुआ है।

युवाओं द्वारा बड़ी संख्या में भागीदारी को ध्यान में रखते हुए और उन्हें परियोजना ''संकल्प'' के लिये प्रोत्साहित करने तथा समुदाय के लिये अपनी मूल्यवान सेवाओं की पेशकश करने के लिये राष्ट्रीय मुख्यालय ने सर्वश्रेष्ठ 12 (बारह) प्रतिभागियों को एक पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित करने का निर्णय लिया है। डिजिटल प्रमाण पत्र के अतिरिक्त इन 12 अवार्ड प्राप्तकर्ताओं को राष्ट्रीय मुख्यालय के प्रायोजन के अंतर्गत राष्ट्रीय साहसिक संस्थान, पचमढी में आयोजित होने वाले आगामी अंतर्राष्ट्रीय साहसिक कार्यक्रम - 2021 के लिये आमंत्रित किया जायेगा। उन्हें कार्यक्रम में नि:शुल्क भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागिता का चयन दिशा-निर्देशों के आधार पर पूर्ण की गई चुनौतियों तथा सोशल मीडिया के साथ-साथ राष्ट्रीय मुख्यालय में समाचार प्रेषण (रिपोर्टिंग) के आधार पर किया जायेगा। अधिक जानकारी हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय के उपरोक्त संदर्भित परिपत्र संख्या 37/2020 का अवलोकन करें।

सभी राज्य एवं जिला अधिकारियों से अनुरोध है, कि वे अधिक से अधिक युवाओं को इस परियोजना के लिये प्रेरित करें जिससे कि संकट की इस घड़ी में स्काउट्स एवं गाइड्स अपनी उस स्काउट गाइड प्रतिज्ञा को पूर्ण कर सके जो हमें देश के लिये अपने कर्तव्य का निर्वहन और दूसरों की सहायता करने, समाज में जागरुकता पैदा करने एवं रचनात्मक भूमिका निभाने के लिये बाध्य करता है।

धन्यवाद

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि :-

01- समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।

02- अध्यक्ष / सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।

03- आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18, इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत शिंह मार्ग, नई दिल्ली - 110016।

04- आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी -15, सेक्टर - 62, नोएडा, उत्तर प्रदेश - 201309।

05- समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।